एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मैं एक गर्वित टेलीविजन एक्टर हूं : मौनी रॉय

बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय को लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक क्योंकि सास भी कभी बहू थी से पहचान मिली थी और इसके बाद धारावाहिक नागिन से मौनी लोगों के बीच काफी चर्चित हो गई। इसके बाद मौनी ने बॉलीवुड में अपना किस्मत आजमाया, अपने अब तक के इस सफर में खुद के स्टारडम का श्रेय मौनी छोटे पर्दे को देती हैं और कहती हैं कि वह एक गर्वित टेलीविजन अभिनेत्री हैं। साल 2007 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी में कृष्णा तुलसी के किरदार से मौनी ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा, इसके बाद वह देवों के देव..महादेव, नागिन, जुनून-ऐसी नफरत तो कैसा इश्क जैसे कार्यक्रमों में नजर आईं। क्या अपने शूटिंग करियर का श्रेय वह छोटे पर्दे को देती हैं? इसके जवाब में मौनी ने कहा, श्रेय? मैं एक बहुत गर्वित टीवी एक्टर हूं। मैं आज जो कुछ भी हूं, वह टीवी ने मुझे बनाया है। इसने मुझे सबकुछ दिया है। मैं हमेशा एकता (कपूर) की ऋणी रहूंगी। मैं जो कुछ भी हूं वह बालाजी टेलीफिल्म्स और एकता कपूर की वजह से हूं। मैंने टीवी में नौ साल काम किया है और इसके बाद मुझे ये चार बेहतरीन फिल्में मिली हैं, मुझे यह चांस लेना था क्योंकि अभी नहीं तो कब? साल 2018 में 34वर्षीय इस अभिनेत्री ने फिल्म गोल्ड से बॉलीवुड में कदम रखा, इसमें उनके साथ अक्षय कुमार थे। इसके बाद वह रोमियो अकबर वॉल्टर में नजर आईं और अब मौनी, राजकुमार राव के साथ मेड इन चाइना में नजर आएंगी। मौनी ने कहा, मैं बहुत खुश हूं और मैं हमेशा से ही काफी संतुष्ट प्रकृति की इंसान रही हूं। मैं अपने वर्तमान को लेकर संतुष्ट हूं और भविष्य को लेकर बहुत लालची हूं और मुझे लगता है कि यह एक अच्छी बात है क्योंकि जब आप अपने वर्तमान को 100 प्रतिशत देंगे तो आपकी जिंदगी में इसका लाभ आपको आगे मिलेगा। आगे की क्या योजना है? इस पर मौनी ने कहा, मैं हर शैली में काम करना चाहती हूं, हर तरह का किरदार निभाना चाहती हूं, मैं एक लालची अभिनेत्री हूं और उम्मीद करती हूं कि मुझे मौके, किरदार, और अच्छे स्क्रिप्टर मिले।

हॉरर-कॉमेडी शैली में काम करने के बारे में कभी नहीं सोचा था : कियारा आडवाणी

हॉरर कॉमेडी शैली में कियारा आडवाणी की दो फिल्में अगले कुछ महीनों में आ रही हैं। कियारा लक्ष्मी बॉम्ब में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी और भूल भुलैया 2 में वह कार्तिक आर्यन संग दिखाई देंगी। कियारा ने कहा, मैंने कभी भी इस शैली (हॉरर-कॉमेडी) में काम करने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन लक्ष्मी बॉम्ब के बाद भूल भुलैया2 आ रही है, ये दोनों ही काफी अलग तरह की फिल्में हैं, इसलिए मैं बेहद उत्साहित हूं। लक्ष्मी बॉम्ब के बारे में कियारा ने कहा, हमने इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हम इसे बेहतरीन मनोरंजक बनाने की हम उम्मीद करते हैं क्योंकि मुझे यकीन है कि उम्मीदें काफी ज्यादा होंगी। मैं अक्षय कुमार सर की भूल भुलैया की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। यह पहली हॉरर-कॉमेडी फिल्म है जिसे मैंने देखा था। भूल भुलैया 2 के निर्देशक अनीस बज्मी हैं और भूषण कुमार इसके निर्माता है। यह साल 2007 में आई हिट फिल्म भूल भुलैया की सीक्वेल है, अक्षय कुमार अभिनीत इस फिल्म को प्रियदर्शन ने निर्देशित किया था। भूल भुलैया 2 31 जुलाई, 2020 को रिलीज होगी। राघव लॉरेंस द्वारा निर्देशित लक्ष्मी बॉम्ब साल 2011 में आई तमिल हिट फिल्म मुनी 2: कंचना की रीमेक है। फिल्म में अक्षय के साथ कियारा भी हैं। यह फिल्म 22 मई, 2020 को रिलीज होगी।

मानवी गागरू को सुपर बिजी रहना है पसंद

अभिनेत्री मानवी गागरू विभिन्न परियोजनाओं पर काम करने के दौरान शांत महसूस करती हैं, उनका कहना है कि व्यस्त रहने से वह तरोताजा रहती हैं। मानवी ने कहा, 2019 काफी अच्छा रहा है, मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकती हूं, ऐसा अपने काम करने की लत को महिमामंडित करने के लिए नहीं कह रही हूं, बल्कि मैंने काफी लंबे समय से इस व्यस्तता को महसूस नहीं किया था। उन्होंने कहा, मेरे सारे प्रोजेक्ट्स जैसे ट्रिपलिंग, फोर मोर शॉट्स प्लीज!, उजड़ा चमन और अब शुभ मंगल ज्यादा सावधान ने मुझे सुपर बिजी रखा है, इसने मुझे सफर करने का वक्त भी दिया है। मैं उन स्थानों पर गई हूं, जहां शायद मैं खुद जा भी सकती थी या नहीं भी जा सकती थी। इन परियोजनाओं के दौरान इसने मुझे खुद को पुनर्जीवित करने का वक्त भी दिया। उन्होंने आगे कहा, कुल मिलाकर, यह एक खुशहाल साल रहा और आने वाले समय में और भी ज्यादा व्यस्त और प्रोडक्टिव साल की उम्मीद करती हूं।